Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

स्वामित्व : अपेम फ्रेंड्स टीम

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 12-10- 2021 | अंक 26

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही** बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बैरिशाल निवासी मणिलाल यादव उम्र 54 वर्ष पिता स्व रामसहाय यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जनकरी के अनुसार मणिलाल यादव अपने बाइक से बरही आ रहे थे, इसी क्रम में पंचमाधव में ट्रेलर ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते ही आस पास के ग्रामीणों ने उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल में में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

### सूचना

**अपेम लाइव : बरही**

दिनांक 13/10/21 को समय 09 बजे सुबह बरही चौक पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष जनाब शहज़ादा अनवर साहब का आगमन होगा। जिला कांग्रेस कमिटि के आदेशानुसार बरही चौक पर कार्यकारी अध्यक्ष शहज़ादा अनवर साहब को स्वागत किया जाएगा इस स्वागत समारोह में आप सभी जिला के सभी पदाधिकारी विधानसभा विधायक प्रतिनिधि बरही प्रखण्ड के सभी विभागों के विधायक प्रतिनिधि प्रखण्ड के सभी सम्मानीत प्रखण्ड के सभी विभागों के पदाधिकारी, सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव एवं कांग्रेस परिवार के सच्चे सिपाहियों को निर्धारित समय पर पहुँच कर स्वागत समारोह को कामयाब बनाएं।

निवेदक ।
इक़बाल रज़ा
अध्यक्ष
कांग्रेस कमिटी
बरही प्रखण्ड ,
7667786239

# दुर्गा पूजा को लेकर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा बरही में निकाला गया फ्लैग मार्च

## दी गई कोरोना गाइड लाइन की जानकारी, शांति एवं सौहार्द के साथ पूजा करने की अपील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही अनुमंडलीय प्रशासन के द्वारा मंगलवार को दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृव एसडीओ पूनम कुजूर एवं एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने किया। फ्लैगमार्च की शुरुआत सामन्तो पेट्रोल पंप से हुवा । फ्लैगमार्च धनबाद रोड होते हुए हज़ारीबाग़, गया रोड एवं तिलैया रोड का भ्रमण करते हुए कोरोना गाइड लाइन की जानकारी दी। इस अवसर से प्रशासन ने सभी लोगो से अपील किया कि कोरा. ना गाइड लाइन के तहत ही दुर्गा पूजा का आयोजन करें। ताकि कोरोना का प्रसार नही हो सके।। एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा कि सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में दुर्गा पूजा का आयोजन करना है। इसमे ज्यादा भीड़ नही लगानी है। पूजा पंडाल में ज्यादा भीड़ एक साथ जमा नही हो। इसका ख्याल रखा जाना जरूरी है। एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा की प्रत्येक पूजा पंडाल के पास पुलिस एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। सभी को अग्निशामक यंत्र लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील किया कि सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में पूजा अर्चना करें। खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। मौके पर बरही थाना प्रभारी पुनि नीरज कुमार सिंह, एसआई बिकाश कुमार, महावीर उरांव, एएसआई सुनील तिवारी, एवं थाना के सैकड़ो पुलिस बल शामिल रहे।




फ्लैग मार्च करते अनुमंडलीय प्रशासन

## अपेम एजूकेशन विंग

### कैसे सुधरेगी झारखंड में शिक्षण व्यवस्था, जानिए एक शिक्षक की कलम से



अरूण कुमार चौधरी

APEM EDUCATION FORUM अपेम शिक्षा मंच

तमसो मा ज्योतिर्गमय

**अपेम लाइवः बरही**

### वर्ग प्रथम से पंचम तक के स्कूल जल्द खुलनी चाहिए ताकि प्राथमिक शिक्षण व्यवस्था मजबूत हो सके : अरूण चौधरी

कोरोनाकाल में झारखण्ड के सभी कोटि के विद्यालय लगभग डेढ़ सालों तक बंद रहा। सरकार के निर्देशानुसार छठी क्लास से ऊपर के विद्यार्थियों के लिए स्कूल खोल दिया गया है। लेकिन वर्ग पहला से पांचवी तक के विद्यालय अब तक नही खुले है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव बच्चो पर पड़ रहा है। सरकार की स्कूल खोलने की नीति समझ से परे है। जब छठी से ऊपर के बच्चों को कोरोना का संक्रमण का डर नही है तो वर्ग प्रथम से वर्ग पंचम तक के बच्चों को कोरोना कैसे होगा। छोटे छोटे बच्चों को पढ़ाई से वंचित रखना भी समझ से बाहर है। बड़े बच्चे तो ऑनलाइन शिक्षा भी ग्रहण कर ले रहे है। छोटे छोटे बच्चे ऑनलाइन शिक्षा भी ग्रहण नही कर रहे हैं। ऐसे में इनके लिए ऑफलाइन शिक्षा ही एक मात्र विकल्प है। छोटे बच्चों के लिए स्कूल खोलना जरूरी है नही तो बच्चे यह भी भूल जाएंगे कि कभी उसने स्कूल भी गया था। उनके शैक्षणिक विकास के लिए अविलम्ब वर्ग प्रथम से पंचम तक का स्कूल खोलकर पढ़ाई शुरू कराना चाहिए। सरकार को तत्काल इस पर विचार करनी चाहिए। अभिभावकों को विश्वास में लेकर स्कूल खोलने का गाइड लाइन जारी करना चाहिए। ताकि प्राथमिक शिक्षा मजबूत हो सके।

**यदि आप भी अपना सुझाव देना चाहते है तो वाट्सप करें: 7004315535**



दिनांक: 12-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## सांसद जयंत सिन्हा बनाए गए भारत सरकार मे वित्त संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष

### हजारीबाग जिला के लोगों ने दी बधाई व शुभकामनाएं

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा को भारत सरकार में वित्त संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष बनाए जाने पर हजारीबाग जिला के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया तथा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की और सांसद जयंत सिन्हा को शुभकामनाएं दी। शुभकामना व्यक्त करने वालों में बरही पश्चिमी मंडल



सांसद जयंत सिन्हा

के मंडल अध्यक्ष अमित साहू, भाजपा वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरीयार, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अर्जुन साहू, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह, संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष गोविंद साहू, नवल किशोर सिंह, दिलीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष बंटी राणा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, युवा मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, मंत्री संतोष सिंह, प्रदुमन सिंह, पप्पू चंद्रवंशी, राजेंद्र भारती, मंजू देवी, सुमन देवी, लक्ष्मी सिंह, हेमाली चौधरी, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, महामंत्री कमल शंकर पंडित एवं भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता शामिल हैं।

## जिप प्रत्याशी के पति संजय यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगों से मांगा समर्थन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बीते मंगलवार को जिला परिषद भाग 2 मध्य के उम्मीदवार रेखा देवी पति संजय यादव ने भंडारों पंचायत के ग्राम बैरीसाल में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान सभी नौजवानों ने एक स्वर में भरोसा दिलाते हुए सलाह दी कि आगामी जिला परिषद चुनाव हम सभी एक-एक नौजवान लड़ रहे हैं। कहा कि हमलोग आपका भरपूर मदद करेंगे अपने आने वाले सभी क्षेत्र में हमलोग घूम-घूमकर लोगो से अपील करेंगे की इस बार अपने बहुमूल्य वोट संजय यादव को देकर उन्हें विजयी बनाएं। लोगों ने बताया कि विकास कार्य के लिए इनके जैसे नेता की हम सब को आवश्यकता है। मौके पर सामाजिक



लोगों समर्थन मांगते संजय यादव

कार्यकर्ता व युवा नेता लालू कुमार यादव, अनिल कुमार, रमेश यादव, मुकेश दास, अनिल कुमार, राजेश कुमार, रवि कुमार, विकास कुमार, आशीष पासवान, दीपक साहू, सूरज दास, उमाशंकर कुमार, पिंटू कुमार, नागेश्वर रविदास, उमेश पासवान, शिव कुमार, संदीप दास, प्रदीप रविदास, राजेश कुमार, रामचंद्र यादव, विवेक कुमार, सुभाष यादव, किशोर यादव, विजय यादव, रंजीत कुमार यादव, सुनील दास, मुकेश शाह, दशरथ साहू, शंकर कुमार साहू एवं अनेकों नौजवान उपस्थित थे

## आदित्य चंदेल का देवचंदा मोड पर चन्द्रवंशी समाज ने किया स्वागत

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

पटना से धनबाद जाने के दौरान बरही प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़ पर वरिष्ठ समाजसेवी अमित चंदेल के बड़े भाई समर्पण हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर पटना के डायरेक्टर सह हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी आदित्य चंदेल का चन्द्रवंशी समाज के लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी अजीत सिंह चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी व राकेश चंद्रवंशी ने बुके देकर उनका स्वागत किया। वही मौके पर धर्मेंद्र चंद्रवंशी, छोटी चंद्रवंशी, विवेक चंद्रवंशी, विक्की चंद्रवंशी, रॉकी चंद्रवंशी, अभय चंद्रवंशी, उज्जवल चंद्रवंशी, विक्की




स्वागत करते चन्द्रवंशी समाज के लोग

चंद्रवंशी, मोहन चंद्रवंशी भोला चंद्रवंशी व मिथुन चंद्रवंशी ने फूल माला पहनाकर उनका सम्मान बढ़ाया। । मौके पर चन्द्रवंशी समाज के कई लोग मौजूद थे

## सड़क निर्माण नही होने से ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश

### जल्द सड़क पक्कीकरण नही हुआ तो होगा जन आंदोलन : इंद्रदेव यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के लोग आजादी के 75 वर्ष बाद भी पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने से जर्जर कच्ची रास्तों में चलने को मजबूर हैं। जिसको लेकर वहां के स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर है। इस समस्या के समाधान को लेकर किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासन के द्वारा सुध नहीं ली गयी है। आजादी के बाद से ही गांव की मुख्य रोड बदहाल है। समाजसेवी इन्द्रदेव यादव ने बताया कि बरही प्रखंड अंतर्गत ड़पोक पंचायत में लालीघाट मंदिर जाने का रास्ता कभी नही बना है। ग्रामीणो द्वारा बताया जाता है ये मंदिर ग्रामीण क्षेत्र में प्रसिद्ध है और हमेशा पूजा पाठ होता है तथा छठ पूजा भी इसी मंदिर के बगल नदी में होता है। इस दौरान श्रद्धालुओं को आने जाने में काफी कठिनाई होती है। इस क्षेत्र के लोगो का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र पर किसी भी प्रति.




जर्जर सडक की स्थिति

निधि का नज़र नही है और विकास का कार्य बहुत नही हुवा है। इस कारण इन्द्रदेव कुमार यादव, अजय यादव, संजय यादव, रामनारायण यादव, उमेश यादव, सीताराम यादव, उमाशंकर यादव, बिकाश पांडेय, दिलीप पांडेय, सुरेन्द्र राणा, अनिल साव में आक्रोश जताया।

## मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो व पंसस के प्रयास से की गई सड़क की मरम्मती

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के छावनी फ्रेन्दवा टाँड़ में आयोजित शारदीय नवरात्र दुर्गापूजा को देखते हुए पूजा स्थल तक जाने वाली सड़क की मरम्मती मुखिया प्रतिनिधि बिशुनधारी महतो एवं पंचायत समिति सदस्य वन बिहारी चन्द्रवंशी के प्रयास से किया गया। विदित हो कि गेल इंडिया कंपनी के द्वारा ही सड़क को जर्जर कर दिया गया था। पूजा स्थल तक जाने में श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए दोनों जन प्रतिनिधियों ने गेल इंडिया कंपनी पर दबाब बनाया। कंपनी के द्वारा जेसीबी मशीन भेजा गया। उसके सहयोग से सड़क की मरम्मती किया गया। मुखिया ने अपने स्तर




सडक की मरम्मती करवाते जनप्रतिनिधि

से ट्रैक्टर की व्यवस्था किया। सड़क मरम्मती में अमित चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी, विकाश कुमार शर्मा, भोला भुइयाँ, सहदेव भुइयाँ, सुनील कुशवाहा, विशाल कुमार और उनके साथियों ने सहयोग किया।

**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण




अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016, 9550809864, 9431129570

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पट खुलते ही माता ने दिया भक्तों को दर्शन, जयकारे से गूंजायमान हुआ पूरा पूजा पंडाल

**अपेम लाइव बरहीः**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



रसोइया धमना में पट खुलने के बाद मॉ दुर्गा की प्रतिमा

बरही में दुर्गा पूजा के अवसर पर नवरात्र के सप्तमी में विभिन्न पूजा पंडालों का पट खोल दिया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा का पट खुलते ही विभिन्न्न पूजा पंडालो व देवी मंडपों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बरही में कई पंडाल आकर्षक तौर पर लाइट सज्जा के साथ सजाया गया है। जगह-जगह पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया है। वहीं मां दुर्गा के जयकारों से पूजन स्थल गूंज उठे हैं। मंगलवार को मां के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा धूमधाम के साथ किया गया। पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, बरही के सार्वजनिक दुर्गापूजा रसोइया धमना, करियातपुर, बरसोत और गौरियाकरमा के दुर्गा मंडप में विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। पूजा के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

## राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता के लिए हजारीबाग टीम का प्रतिनिधित्व करेगें रॉयल ऑर्किड स्कूल के खिलाड़ी

## चयनित टीम को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण, गतका खेल के महत्व से कराया अवगत

**अपेम लाइव बरहीः**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करते प्रशिक्षक प्रिंस कुमार मिश्रा एवं अन्य



गतका खेल का एक नमुना

रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल बरही में झरखण्ड गतका संघ के महासचिव प्रिंस कुमार मिश्रा के देखरेख में रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल की गतका टीम का चयन किया गया। यह टीम नवंबर माह में कोडरमा में आयोजित राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में हजारीबाग जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्य संघ के महासचिव प्रिंस कुमार मिश्रा ने बताया कि गतका खेल का संबंध पंजाब से है और यह निहंग सिख योद्धाओं की पारंपरिक युद्धशैली है। वे इसका उपयोग आत्म-रक्षा के साथ-साथ खेल के रूप में भी करते हैं। गतका एक सिक्खों की पारंपरिक युद्धक कला है। सिक्खों के धार्मिक उत्सवों में इस कला का शस्त्र संचालन प्रदर्शन किया जाता है।। इसे पारंपरिक पोशाकों में तलवार और ढाल के सहारे खेला जाता है। और फेस्टिवल के मौकों पर इससे जुड़े करतब भी दिखाए जाते हैं। पंजाब का विरासती खेल 'गतका' अब स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं खेलो इंडिया के खेल कैलेंडर में शामिल हो गया है। मौके पर हजारीबाग जिला गतका संघ के सचिव अनूप कुमार ने बताया कि समय की जरूरत है कि प्रत्येक परिवार अपने बच्चों, विशेषकर लड़कियों को आत्मरक्षा के इस खेल के प्रति प्रेरित करें। सचिव अनूप कुमार ने यह भी बताया कि बहुत जल्द हमलोग यहां पर कुशल प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों के लिए कैम्प का आयोजन करेंगे। साथ ही देश के गौरवमयी खेल गतका को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अन्य खेलों की तरह प्रसिद्धि दिलाई जाएगी, ताकि गतका खिलाड़ी भी अन्य खिलाड़ियों की तरह अधिकार और मान-सम्मान हासिल कर सकें। हजारीबाग गतका संघ के सचिव अनूप कुमार ने यह भी बताया कि गतका खेल को सरकारी नौकरी में खेल कोटे से शामिल किया गया है। छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ गतका खेल में भी अपना भविष्य बना सकते हैंस राज्य स्तरीय गतका प्रतियो. गिता के लिए रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल से रिचा कुमारी, साहिबा प्रवीण, चांदनी यादव,, प्राची कुमारी, लाइबा परवीन, रोहित कुमार, अनुज कुमार, आलोक कुमार, शिव शंकर , अभिनव पांडेय, शंकर कुमार, सरकार कुमार, सचिन कुमार, अर्पित कुमार ,विनीत शाह के नाम शामिल हैं । खिलाड़ियों का ट्रायल विद्यालय के गतका कोच अविनाश कुमार एवं शुभम केसरी ने लीस हजारीबाग गतका संघ के तकनीकी पदाधिकारी शुभम केसरी ने बताया कि अगले महीने हजारीबाग के और भी विद्यालय के टीम को राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगास सभी चयनित खिलाड़ियों को झारखंड गतका संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार सिंह, , संजय रविदास, आलोक कुमार, सुभाषिश पाइन, शिव पाठ्क, पवन कुमार, नवीन कुमार, सुनील पांडे, प्रशांत कुमार, शेरोन थ०मस, सिमी सिंह, पल्लवी कटारियार, रिंकू कुमारी, उषा देवी, लक्ष्मी कुमारी, रीता देवी सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने हार्दिक बधाई दी

## सुनीता विश्वकर्मा ने पेश की कोनरा पंचायत से मुखिया पद की दावेदारीं, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



सुनीता विश्वकर्मा

कोनरा पंचायत के लिए मुखिया पद को महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इस वजह से महिलाओं में मुखिया बनने की ललक देखी जा रही है। इसी कडी में बरही थाना के पास रहने वाली सुनीता विश्वकर्मा पति मनोज विश्वकर्मा ने भी कोनरा पंचायत के लिए मुखिया पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश कर दी है। साथ ही कोनरा की जनता से समर्थन की अपील की है। उन्होने महिला सशक्तिकरण के साथ ही रोजगार की व्यवस्था करना एवं गरीबो को न्याय दिलाना अपनी प्राथमिकता बताई है।

## रंजीत चंद्रवंशी को भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर बरही के पदमा, नईटांड व दुलमाहा में चन्द्रवंशी समाज ने किया स्वागत

## समाज को शिक्षित बनाते हुए लोगों में राजनीतिक चेतना जगाना होगा : रंजीत चंद्रवंशी

**अपेम लाइव बरहीः**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




रंजीत चन्द्रवंशी का स्वागत करते चन्द्रवंशी समाज के लोग

बरही निवासी रंजीत चंद्रवंशी को भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी बनाये जाने पर विभिन्न जगहों पर उनका स्वागत किया गया। रांची से लौटने के दौरान पदमा में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत फूल-माला पहनाकर किया। इसके अलावा हजारीबाग से आए सुरजीत नागवाला एवं विजय वर्मा का भी स्वागत किया गया। पदमा में स्वागत कार्यक्रम में पदमा से चन्द्रवंशी समाज के प्रधान रंजीत चन्द्रवंशी, भाजपा नेता संदीप चन्द्रवंशी, गौरी चन्द्रवंशी, मंटू चन्द्रवंशी के अलावा नई टांड़ व दुलमाहा में उमेश चन्द्रवंशी व सागर चन्द्रवंशी के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां समाज के लोगों ने श्री चंद्रवंशी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर नवमनोनित भा. जपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने समाज के लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जहां आम कार्यकर्ताओं को भी बड़ी जिम्मेवारी दी जाती है। पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम है। पार्टी ने मुझ जैसा सधारण कार्यकर्ता को बडी जिम्मेवारी दी इसके लिए मैं जीवन भर पार्टी का आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि समाज व पार्टी में समर्पित रूप से काम करने वाले लोगों को जनता पंसद करती है। राजनीति में स्वच्छ छवि के लोगों का आना जरूरी है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को नकारना होगा, अच्छे लोगों की मदद करनी चाहिए, समाज में सदचरित्र व्यक्ति का होना जरूरी है, राष्ट्रहित मुद्दे महत्वपूर्ण है। सामाजिक संगठन राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं, समाज को शिक्षित बनाते हुए लोगों में राजनीतिक चेतना जगाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभा व कौशल का सम्मान होना चाहिए।कार्यक्रम में ईश्वर राम, प्रभु राम, सुनील चन्द्रवंशी, राजेश कुमार, कुलदीप चन्द्रवंशी, मुकेश चन्द्रवंशी, श्यामसुंदर चन्द्रवंशी, मनीष चन्द्रवंशी, अमित चन्द्रवंशी, कैलाश चन्द्रवंशी, गोलू चन्द्रवंशी, नरेश चन्द्रवंशी, राजू चन्द्रवंशी, नितेश चन्द्रवंशी, प्रभात कुमार, लव कुमार चन्द्रवंशी, राकेश कुमार, शशि कुमार, राजेन्द्र राम चन्द्रवंशी, सत्यनारायण चन्द्रवंशी, दिलीप चन्द्रवंशी, र०की कुमार आदि उपस्थित थे।


## शाहिद अख्तर उर्फ फोनी साहब के निधन से बरही विधानसभा हुआ गमगीन

**अपेम लाइव बरहीः**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



शाहिद अखतर (फाइल फोटो)

बरही विधानसभा के चौपारण निवासी शाहिद अख्तर उर्फ फोनी साहब क निधन मंगलवार सुबह हो गया। फोनी साहब समाज में एक शांति के दूत के नाम से जाने जाते थे। सभी धर्मावलंबी से इनको काफी प्यार था सभी के लिए हमेशा तन मन धन से हमेशा समर्पित रहते थे। इनकी निधन की खबर सुनकर बरही विधानसभा गमगीन हो गया है। साथ ही ग़रीबों के जुबान पर एक ही बात आ रहा है फोनी भैया गरीब को बहुत मदद करते थे। हमेशा सामाजिक के साथ साथ राजनीतिक में भी अपना कीमती समय देते रहते थे। जानकारी के अनुसार कल सुबह 10 बजे उन्हें उनके निवास स्थान चौपारण के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा । इनके जनाजे में झारखंड प्रदेश काँग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर शामिल होंगे, इस बात की जानकारी काँग्रेस के मीडिया प्रभारी सह वन एवं पर्यावरण विधायक प्रतिनिधि तौकीर रजा ने दी।




दुर्गापूजा एवं जस्ने-ईद-मिलादुन नबी के मौके पर बरही पूर्वी के जिला परिषद के भावी उम्मीदवार मो0 मेहताब आलम के तरफ से आप सभी क्षेत्र वासियो को हार्दिक शुभकामनाएं व मुबारकबाद ।



मो0 मेहताब आलम, जिप प्रत्याशी

आप सबो से अपील है कि कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए त्योहार को मनाएं । आप सभी की मनोकामनाएं पूरी हो ।

*निवेदकः बरही पूर्वी भाग की जनता*

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पूजा पंडालो में पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमडी भीड़

**अपेम लाईव : टाटीझरिया**
**राजकुमार**


पट खुलने के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमा

टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमा का पट खुलते ही विभिन्न्न पूजा पंडालो व देवी मंडपों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ माहौल भक्तिमय हो उठा है। वहीं मां दुर्गा के जयकारों से पूजन स्थल गूंज उठे हैं। मंगलवार को मां के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा धूमधाम के साथ किया गया। पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, टाटीझरिया के सार्वज. निक दुर्गापूजा, झरपो और कोल्हू के दुर्गा मंडप में विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। पूजा के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर पूरा ख्याल रखा जा रहा है। टाटीझरिया दुर्गापूजा कमेटी का दुर्गोत्सव का इतिहास 40 वर्ष पुराना है। यहां 1981 से दुर्गापूजा मनाया जा रहा है। यहां की आस्था और परंपरा अटूट है। नवरात्र के दौरान यहां आस्था का सैलाब उमडता है। पूरा क्षेत्र भ. क्तिभाव में विभोर होता है। टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा, बौधा, बेरहो, होलंग, धरमपुर, डुमर, बेडम, मुरुमातु, केसडा, गोधिया, घुघलिया, खंभवा, बांडीह, अमनारी, टाटी, मुरुमातु समेत अन्य जगहों से लोग यहां पूजा करने के लिए पहुंचते हैं। नवरात्र के दौरान संध्या महाआरती में भक्त भाग लेते हैं। नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। टाटीझरिया में 1981, झरपो में 1995 और कोल्हू में 2008 से मनाया जा रहा है दुर्गो. त्सव नवरात्र के प्रथम दिवस से प्रतिदिन पूजा-पाठ के बाद महाआरती, स्थानीय महिलाओं द्वारा देवी लोकगीत, पुरुषों द्वारा कीर्तन का आयोजन होता है। महाअष्टमी की पूजा में दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा करने के लिए पहुंचते हैं। टाटीझरिया के अलावा प्रखंड के झरपो में 1995 एवं कोल्हू में 2008 से दुर्गापूजा का आयोजन हो रहा है। हर वर्ष पूजा के सफल आयोजन के लिए कमेटी बनाई जाती है। इसमें ग्रामीण युवक बढ-चढ कर भाग लेते हैं। कोरोना के कारण इसबार सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है। मां दुर्गा की पूजापाठ में भक्त लीन हैं। मां का दर्शन करने के लिए भक्त मंदिर पहुंच रहे हैं। देवी गीत और मंत्रोच्चार से क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

## बरकट्ठा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, कोरोना गाइडलाइंस और शांति के साथ दुर्गा पुजा मनाने की अपील

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



फ्लैग मार्च करते बरकट्ठा पुलिस प्रशासन

बरकट्ठा एनएच 2 में बरकट्ठा पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च अंचलाधिकारी श्रीकांत मांझी एवं पुलिस इंस्पेक्टर नलिन मरांडी के नेतृत्व में किया गया मौके पर इंस्पेक्टर नलिन मरांडी ने कहा कि दुर्गा पूजा को सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस और शांति के साथ मनाने का काम करें। उन्होंने लोगों से अपील किया कि किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान ना दें, किसी भी परिस्थिति में घटना होने पर पुलिस व सम्बंधित थाना को सूचना देने का काम करें। कोई भी पुलिस पूजा के दौरान किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए ततपर है। मौके पर पीएसआई नरेंद्र कुमार, पीएसआई टिनु कुमार, एएसआई मनोज सिंह, एएसआई सरयु पासवान, एएसआई नसीम अख्तर समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे

## झरपो गांव में युवाओं ने चलाया सफाई अभियान

**अपेम लाईव : टाटीझरिया**
**राजकुमार**


सफाई अभियान चलाते स्थानीय युवक

टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में स्थानीय युवकों ने दुर्गा मंडप और बाजार टांड में मंगलवार को सफाई अभियान चलाया। मंडप और बाजार के आसपास फैली गंदगी को देखते हुए युवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें रवि कुमार, रवि यादव, अनुज कुमार, मोहन कुमार, केदार कुमार, दीपक कुमार, सिकेंदर कुमार आदि शामिल थे। उन्होंने बताया कि स्वच्छता न केवल हमारे घर तक के लिए ही जरूरी नहीं है। सार्वजनिक स्थलों को साफ-सफाई रखना हमारा कर्तव्य बनता है।

## लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों की याद मे श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**


श्रद्धांजलि सभा मे शामील लोग

लखीमपुर खीरी हत्याकांड के शहीदों की अंतिम अरदास लखीमपुर खीरी किसान नरसंहार के चार शहीद किसानों नक्षतर सिंह, लवप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, दलजीत सिंह एवं स्थानीय पत्रकार रमन कश्यप की याद मे संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले वीर कुंवर सिंह पार्क मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया किया गया। जहाँ सर्वप्रथम शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया और लखीमपुर के शहीदों को लाल सलाम अमर रहे आदि नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर उदय द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई सभा को सी पी एम नेता संजय पासवान, असीम सरकार, सी पी आई नेता और जिप सदस्य महादेव राम, जिला मंत्री प्रकाश रजक, महेश प्रसाद सिंह, बिरेंद्र यादव, पुरुषोत्तम यादव, अर्जुन यादव, बसपा नेता प्रकाश अंबेडकर, वामपंथी नेता चरंजीत सिंह, मजदूर नेता प्रेम प्रकाश, कांग्रेस नेता तुलसी मोदी एवं सिख समुदाय से यशपाल सिंह गोल्डन ने संबो. धित किया। वक्ताओ ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार अभी भी हत्यारे का बचाव कर रहे हैं, इस रुख की पुष्टि करते हैं कि किसान आंदोलन को कमजोर करने और नष्ट करने के लिए सांप्रदायिक रा. जनीति और हिंसा को लाया जा रहा है। गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को अभी तक बर्खास्त नहीं किया जाना मोदी सरकार की ओर से शर्म की बात है। लखीमपुर खीरी की घटनाओं के बाद अजय मिश्रा टेनी के पहले के आ. पराधिक मामलों का इतिहास लोगों की नजरों में आ गया है, यह स्पष्ट है कि लखीमपुर खीरी हत्याकांड में भी उनकी भूमिका थी। उन्हीं के वाहन उस काफिले में थे जिसने निर्दोष लोगों को कुचल कर मार डाला। तराई क्षेत्र के अल्पसंख्यक सिखों के खिलाफ 25 सितंबर को दिए गए उनके भाषण से यह स्पष्ट होता है कि अजय मिश्रा टेनी ने दुश्मनी, घृणा और द्वेष को बढ़ावा देने की कोशिश की थी। उनका भाषण डराने-धमकाने वाला था, वो भी एक जनसभा में जहां वे गर्व से अपने आपराधिक इतिहास का भी जिक्र कर रहे थे। इस आधार पर अब तक कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए थी, जिससे लखीमपुर खीरी हत्याकांड के पूरे प्रकरण को रोका जा सकता था। नरेंद्र मोदी की सरकार के अहंकार के कारण किसानों के आंदोलन को अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखना पड़ रहा है, जिसके पिछले साल लाखों किसानों के पहली बार दिल्ली की सीमाओं पर पहुंचे ग्यारह महीने हो चुके हैं। किसान मा. ेर्चा की मांग है कि लखीमपुर खीरी हत्याकांड के दोषियों को फांसी दी जाय, पीड़ित परिवार को 1 -1 करोड़ मुआवजा दी जाय और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को मंत्रिमंडल से अविलंब बर्खाशत किया जाय। श्रद्धांजलि सभा में शंभु पासवान, रविन्द्र भारती, अशोक रजक, सहदेव दास, नवल किशोर प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एटीएम से की गई 20 हज़ार रुपये की अवैध निकासी तीन महीने बाद हुई वापस

**अपेम लाईव : टाटीझरिया**
**राजकुमार**

टाटीझरियाद्य थानान्तर्गत बेडम निवासी बिरेंद्र प्रसाद के एसबीआई खाते से 13 जुलाई को किसी एटीएम से 20 हज़ार रुपये की निकासी हो गई थी। उन्होंने इसकी शिकायत सम्बंधित बैंक में किया था। बैंक प्रबंधक ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया। तब उन्होंने अपने भतीजा जो महाराष्ट्र में बैंक मैनेजर है उसे बताया। उसने इसकी शिकायत बैंक को किया और लंबे इंतज़ार के बाद उसे यह रकम 11 अक्टूबर को वापस खाते में आ गया। जिससे भुक्तभोगी बहुत प्रसन्न है। अब प्रश्न यह उठता है कि यह निकासी किसने किया और पैसा किसने वापस किया। इसकी जानकारी के लिए स्थानीय शाखा गया। जहां प्रबंधक नहीं मिले, उनके कर्मच. ारियों ने इस मामले में अनभिज्ञता जाहिर किया। इसी प्रकार आये दिन एटीएम से पैसे निकासी का मामला प्रतिदिन आता है। उन उपभोक्ताओं के पास न तो पैरवी होती है और न ही उनके पास पहुंच होती है। ऐसे में उन्हें पैसे की वापसी नहीं हो पाती है। महाराष्ट्र के बैंक में कार्यरत इंद्रदेव ने बताया कि यदि पैसे की निकासी अवैध रूप से की गई हो। उपभोक्ता से किसी तरह का गलती नहीं हुआ हो तो पैसे की रिकवरी निश्चित रूप से हो सकता है। लेकिन बैंककर्मियों को इसके प्रति सक्रियता दिखाने की जरूरत है।

## बरवां मे दुर्गापूजा को लेकर निकाला गया भव्य कलश यात्रा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**मानव राज सिंह**

सार्वजनिक दुर्गापुजा समिति बरवां के द्वारा मां दुर्गापूजा दशहरा के लिए एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कि अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बसरिया, बरवा ,सलैया के श्रदालुओं ने बड़े ही संख्या में शामिल हुए और 551 कलश के साथ उतरवाहिनी नदी से जल लेकर मंदिर में मनोज शास्त्री और शंकर शास्त्री के द्वारा स्थापित किया गया द्य इस संधर्भ में ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान करने से गाँव में शांति और खुशहाली होती है। असत्य पर सत्य की विजय दुर्गापूजा की गाथा है द्य मौके पर भाजपा नेता रीतलाल प्रसाद, गोपी प्रसाद, टहल माहतो, महेश्वर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, गोपेश्वर प्रसाद, जागेश्वर रजक, छोटी प्रसाद, और भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



कलश यात्रा मे शामिल भक्तगण

## बरकट्ठा मे बेलवरण पूजा के बाद खुला माँ दुर्गा का पट

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


माता बेलवरण की पूजा करते आचार्य और श्रद्धालु

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बरकट्ठा ने दुर्गा पूजा को लेकर सप्तमी को बेलवरण पूजा आचार्य श्रीकांत पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। इसके पूर्व बेलवरण डोली को लेकर महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए भक्तों ने गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। बेलवरण पूजा नगर भ्रमण में पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव, उपाध्यक्ष अशोक नायक, सचिव शंकरलाल, कोषाध्यक्ष महादेव नायक, शोभा समिति अध्यक्ष महेश मंडल, सचिव सरयू साव, कोषाध्यक्ष विनोद साव, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष इंद्रजीत प्रसाद, दामोदर गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, सुकर नायक, श्रीकांत पांडेय, पीतांबर नायक, शिला देवी, महेंद्र कसेरा समेत आदि लोग शामिल थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी